>

Title: Situation arising out of delimitation process carried out at Malasa village in Kanpur, Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : महोदय, मैं आपके संज्ञान में एक ऐसे महत्वपूर्ण विषय को लाना चाहता हूं कि पूरे देश में एक ऐसी ग्राम सभा है, जहां अभी चुनाव नहीं हुआ है। महोदय, उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात में मलासा ब्लाक की ग्रामसभा मलासा में प्रदेश सरकार द्वारा परिसीमन के समय जो गलत आरक्षण नीति अपनायी गयी थी, उसकी वजह से अभी तक वहां चुनाव नहीं हुआ है। उस गांव की आबादी 8 हजार है। वहां 43 सौ वोटर्स हैं, उनमें 42 सौ वोटर्स हाईकास्ट के हैं, मात्र सौ वोटर्स एससी के हैं, लेकिन चक्रण में वहां पुनः जो आरक्षण किया गया, उसमें यह गांव नहीं आ रहा था। उसमें उसी ब्लाक का गांव मटेहरापुर एससी आरक्षण में आ रहा था, लेकिन उत्तर प्रदेश की गलत नीतियों के कारण पक्षपातपूर्ण तरीके से मलासा ग्राम को आरक्षित ग्राम घोषित कर दिया गया। 6 बार उसका नोटिफिकेशन हुआ, 6 बार में भी उस ग्रामसभा का चुनाव नहीं हो सका। मैं केंद्र सरकार से मांग करना चाहता हूं कि जो गलत आरक्षण किया गया, उसकी प्रक्रिया की जांच की जाए और आरक्षण प्रक्रिया पुनः कराकर मलासा ग्राम को सामान्य सीट घोषित कर, चुनाव प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करायी जाए।